राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद

[स्रोत: फाइनेंशियल एक्सप्रेस]

उप [राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार] (National Security Adviser- NSA) राजिंदर खन्ना को **अतिरिक्त NSA** नियुक्त किया गया है। यह प्रथमतः है जब अतिरिक्त NSA के पद पर नियुक्ति की गई है। यह ऐसा पद है जो हमेशा से मौजूद था किंतु अभी तक इस पर किसी की नियुक्ति नहीं की गई थी।

- इसके अतिरिक्त [आसूचना ब्यूरो] (Intelligence Bureau) के विशेष निदेशक टी.वी.रविचंद्रन को उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार नियुक्त किया गया है।
- NSA राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय (National Security Council Secretariat - NSCS) के सचिव के रूप में कार्य करता है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (National Security Council - NSC) की त्रिस्तरीय संरचना में से एक है।

राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की संगठनात्मक संरचना क्या है?

- **गठन:** NSC का गठन वर्ष 1998 में तत्कालीन प्रधानमंत्री [अटल बिहारी वाजपेयी] की सरकार द्वारा भारत और पाकिस्तान द्वारा [परमाणु परीक्षण] किये जाने के बाद किया गया था। यह भारत में राष्ट्रीय सुरक्षा प्रबंधन के लिये सर्वोच्च निकाय है।
    - NSC के गठन से पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित कार्य **प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव** द्वारा किये जाते थे।
    - यह त्रीस्तरीय संरचना यानी **सामरिक नीति समूह (Strategic Policy Group- SPG)**, **राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड (National Security Advisory Board- NSAB)** और **राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय (National Security Council Secretariat- NSCS)** के तहत कार्य करता है।
- **NSC की त्रिस्तरीय संरचना:**
    - **सामरिक नीति समूह (SPG):** SPG की अध्यक्षता **मंत्रिमंडल सचिव** करते हैं, जिसमें नीति-निर्माण और राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित मामलों में अनुवर्ती कार्रवाई के लिये उत्तरदायी वरिष्ठ अधिकारी शामिल होते हैं
        - इसमें [सशस्त्र बलों], आसूचना ब्यूरो और अनुसंधान एवं विश्लेषण विंग (रॉ) के प्रमुख शामिल होते हैं। इसका मुख्य कार्य NSC को नीतिगत सिफारिशें करना है।
    - **राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड (NSAB): इसमें वरिष्ठ सेवानिवृत्त अधिकारी, शिक्षाविद् और नागरिक समाज के विशेषज्ञ शामिल होते हैं।**
        - यह राष्ट्रीय सुरक्षा मुद्दों पर NSC को **दीर्घकालिक विश्लेषण और नीति सिफारिशें** प्रदान करता है, जिसमें आंतरिक तथा बाह्य सुरक्षा, विदेशी मामले, रक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा आर्थिक मामले जैसे क्षेत्र शामिल हैं।
    - **राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय (NSCS):** इसकी देख-रेख प्रधानमंत्री द्वारा की जाती है, इसका संचालन **NSA के सचिव द्वारा** किया जाता है तथा यह आंतरिक और बाह्य सुरक्षा से संबंधित सभी मामलों के लिये सर्वोच्च निकाय के रूप में कार्य करता है।
- **प्रमुख:** NSC का नेतृत्व **भारत के प्रधानमंत्री** करते हैं। [राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार], NSC के सचिव और प्रधानमंत्री के प्राथमिक सलाहकार के रूप में कार्य करता है। **NSC का मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है।**
    - **अजीत डोभाल** वर्तमान NSA हैं, जो तीसरी बार सेवा दे रहे हैं। वे भारत के इतिहास में सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले NSA हैं, जिनका कार्यकाल 10 वर्ष से अधिक रहा है। **ब्रजेश मिश्रा देश के पहले NSA थे।**
    - भारत में **मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (Appointments Committee of the Cabinet- ACC)** शीर्ष सरकारी पदों पर नियुक्ति करती है। इसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री और गृह मंत्री करते हैं।
        - समिति वरिष्ठ सरकारी नियुक्तियों के प्रस्तावों पर विचार करती है तथा **राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार** जैसे पदों पर निर्णय लेती है।
- **NSC सदस्य:** NSC के अतिरिक्त इसमें **उप NSA** और **अतिरिक्त NSA**, भारत सरकार के रक्षा, विदेश, गृह एवं वित्तमंत्री तथा [राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्था] (National Institution for Transforming India- नीति आयोग) के उपाध्यक्ष शामिल हैं। इसमें आवश्यकतानुसार मासिक बैठकों में अतिरिक्त अधिकारियों को भी आमंत्रित किया जा सकता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/national-security-council